डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उत्तर प्रदेश
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

## आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में अध्ययनरत् छात्रों को सूचित किया जाता है कि सम सेमेस्टर 2021–22 प्रथम चरण की परीक्षा जो दिनांक 04.06.2022 से 25.06.2022 के मध्य आयोजित की गयी थी, की उत्तर पुस्तिकाओं का चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने हेतु इच्छुक छात्र दिनांक 18 सितम्बर, 2022 तक निर्धारित शुल्क रू0 2500.00 (दो हजार पॉच सौ मात्र) प्रति विषय की दर से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने से संबंधित विश्वविद्यालय के पत्र संख्या: ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 6089 दिनांक 30 जुलाई, 2022 (प्रति संलग्न) के अनुसार कार्यवाही के उपरान्त छात्र चैलेंज मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकेंगे। चैलेंज मूल्यांकन के संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार परीक्षा समिति की 68वीं बैंठक के मद संख्या 68.13 में लिये गये निर्णय निम्नवत् हैः–

1 **दोनों विषय विशेषज्ञों / परीक्षकों द्वारा प्रदत्त प्राप्तांकों का औसत निकाला जाएगा।**

2 **यह औसत अन्तिम रूप से स्वीकृत होगा और अंक पत्र में देय होगा, चाहे वह मूल प्राप्तांकों से कम हों अथवा अधिक।**

3 **यदि औसत और मूल प्राप्तांकों में 20 प्रतिशत से अधिक का अन्तर होता है तब परीक्षार्थी द्वारा जमा किए गए शुल्क रू0 2500 /– में से रू0 1000 /– की धनराशि काटकर शेष परीक्षार्थी को वापस की जायेगी।**

4 **उक्त कमांक 03 के अनुसार छात्र को रू01000 /– की कटौती करते हुए रू0 1500 /– वापस की जाएगी। शुल्क वापसी हेतु छात्रों द्वारा बैंक विवरण आई0एफ0एस0 कोड, खाता संख्या एवं बैंक का नाम भरते समय ठीक से जांच कर लिया जाए कि उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक विवरण सही भरे गये हैं। यदि छात्र द्वारा गलत बैंक विवरण या किसी अन्य के खाता का विवरण दिया जाता है तो भुगतान में असुविधा के लिये छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा।**

अतः उक्त से अवगत होते हुए चैलेंज मूल्यांकन हेतु इच्छुक छात्र निर्धारित तिथि तक आनलाइन आवदेन करना सुनिश्चित करें।

(राकेश पैजवार)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

पत्र संख्याः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 6117 दिनांकः 17 अगस्त, 2022

प्रतिलिपिः

1 निदेशक / प्राचार्य विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त संस्थानों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रो को सूचित करने का कष्ट करें।

2 कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

3 वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

4 संयुक्त / उपपरीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

5 प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त निर्धारित तिथि से छात्रों को चैलेज मूल्यांकन के आवेदन तथा निर्धारित शुल्क जमा करने हेतु आनलाइन पोर्टल खोलने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।

6 स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मॉ0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(राकेश पैजवार)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उत्तर प्रदेश
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

## आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी संस्थाओं के सम सेमेस्टर 2021–22 प्रथम चरण की परीक्षा जो दिनांक 04.06.2022 से 25.06.2022 के मध्य आयोजित की गयी थी। उक्त परीक्षा में जिन छात्रों के परीक्षाफल घोषित हो चुके हैं। परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त ऐसे छात्र जो अपनी उत्तर पुस्तिका का चैलेंज मूल्यांकन (Challenge Evaluation) कराना चाहते हैं, ऐसे छात्र चैलेंज मूल्यांकन का फार्म भरने से पूर्व उत्तर प्रदेश शासनादेश संख्याः 39298 / 16–1099 / 17 / 2020 दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 के साथ श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के पत्र संख्याः ई–7443 / 03–जी0एस0 / 2019(टी.सी.) दिनांक 26.11.2020 एवं विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति–2021 की 68वीं बैठक में लिए गये निर्णय का विवरण निम्नानुसार हैः–

1. उक्त शासनादेश एवं परीक्षा समिति में लिए गये निर्णय के अनुसार छात्र उत्तर पुस्तिका देखने के लिए 30 (तीस) दिन के अन्दर केवल सम सेमेस्टर 2021–22 प्रथम चरण की परीक्षा में बैठने वाले छात्र आवेदन कर सकते हैं।
2. उक्त शासनादेश एवं परीक्षा समिति में लिए गये निर्णय के अनुसार छात्र को मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका देखने के लिए प्रति विषय (Per Subject) रू0 300 / – विश्वविद्यालय में आनलाईन जमा करना होगा।
3. छात्र को प्रति विषय (Per Subject) रू0 300 / – विश्वविद्यालय में आनलाईन जमा करने के उपरान्त उक्त विषय की डिजिटल मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका छात्र को उसके लागिन पर User ID एवं पासवर्ड के माध्यम से दिखा दी जायेगी।
4. छात्र द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त यदि छात्र असंतुष्ट होता है तो छात्र परीक्षाफल घोषित होने के 45 (पैंतालीस) दिन के अन्दर चैलेंज मूल्यांकन के लिए निर्धारित शुल्क **रू0 2500 / – प्रति विषय** जमा कर आवेदन कर सकता है।
5. यह कार्यालय आदेश लागिन पर उत्तर पुस्तिका देखने हेतु दिनांक 02 अगस्त, 2022 से परीक्षाफल घोषित होने की दिनांक से 30 दिन तक प्रभावी होगा। तदोपरान्त किसी भी दशा में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Anurag Tripathi 30.07.22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 6089 — दिनांकः 30 जुलाई, 2022

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2 कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3 प्राभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त तिथि से निर्धारित शुल्क जमा करने हेतु आनलाईन पोर्टल खोलने का कष्ट करें।
4 निदेशक / प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान।
5 स्टाफ आफिसर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक